बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

29वीं बिहार न्यायिक सेवा (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 01/2016) का अतिरिक्त परीक्षाफल

विज्ञापन संख्या – 01/2016 के अन्तर्गत 29वीं बिहार न्यायिक सेवा (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 03.02.2017 को प्रकाशित किया गया था। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उक्त परीक्षा में सम्मिलित सभी उम्मीदवारों के अंक पत्र आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित किये गये।

अंक पत्र प्रदर्शित किये जाने के बाद एक उम्मीदवार, सुप्रभा द्विवेदी, अनुक्रमांक – 114553 द्वारा ई–मेल के माध्यम से अभ्यावेदन दिया गया कि उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन भरते समय भूलवश अपना Gender – "Male" भर दिया गया है, जिसके कारण दिनांक 03.02.2017 को प्रकाशित परीक्षाफल में उनका अनुक्रमांक सम्मिलित नहीं है, जबकि उन्हें "Female" कोटि में कट–ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त है।

इस अभ्यावेदन से आयोग को स्पष्ट हुआ कि उम्मीदवार ने Gender कॉलम में "Male" भरा है जिसके कारण वे अपनी कोटि में "Female" उम्मीदवार के रूप में सफल घोषित नहीं की जा सकीं।

सुप्रभा द्विवेदी, अनुक्रमांक – 114553 अनारक्षित कोटि की महिला उम्मीदवार हैं। उन्हें अनारक्षित (महिला) कोटि के कट–ऑफ अंक 135 से अधिक कुल 136 अंक प्राप्त हैं।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अनुक्रमांक 114553 को उक्त प्रारम्भिक परीक्षा में सफल घोषित किया जाता है।

5/3/17

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना